हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 अप्रैल 2024

11 प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



12 आवारा कुत्तों के आंतक से लोग परेशान, दो दिन में 20 को काटा




# कैसे हो सुरक्षित वाहन पॉलिसी का पालन, फिटनेस जांच में आठ बसें रिजेक्ट, धक्का स्टार्ट भी पहुंचीं

## चेयरमैन राजेंद्र लौढ़ा से पूछताछ कर स्कूल के दस्तावेज बरामद करने के प्रयास में पुलिस, हादसे में गई थी 6 छात्रों की जान, एक दर्जनों हुए थे घायल

राजकुमार ▶▶| नारनौल

कनीना के जीएल स्कूल बस हादसे के बाद से वाहन फिटनेस के लिए आरटीए द्वारा विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को भी यह शिविर आयोजित किया गया। कमाल की बात यह है कि इस फिटनेस शिविर में ऐसी कंडम बसें, जो धक्का स्टार्ट हैं, वह बसें भी स्कूल वाले लेकर पहुंचे रहे हैं। यह तब है, जब स्कूल संचालकों को जिला प्रशासन ने फिटनेस के लिए कड़े दिशा-निर्देश दिए हुए हैं और स्कूल वालों की तरफ से भी डीसी को सुरक्षित वाहन पॉलिसी अपनी स्कूल बसों में लागू करने का भरोसा दिया गया है। शुक्रवार को शिविर में पहुंची ऐसी आठ बसों को रिजेक्ट कर दिया गया। गौर करने वाली बात यह है कि ये धक्का स्टार्ट बसें एक नामी निजी स्कूल की थी।

बता दें कि जब कनीना के उन्हाणी में जीएल स्कूल की बस पलटी थी, तब उसमें छह मासूम बच्चे मारे गए थे, जबकि करीब दो दर्जन घायल हुए थे। उस वक्त केवल स्थानीय प्रशासन ही नहीं, राज्य सरकार भी हरकत में आ गई थी। यहां तक की देश के प्रधानमंत्री से लेकर गृहमंत्री एवं रक्षामंत्री तक के इस घटना पर गहरा दुख जताया था। पीएम नरेंद्र मोदी के ट्वीट के बाद तो पूरा सिस्टम ही हरकत में आ गया था, जबकि प्राइवेट स्कूल वालों ने अपनी स्कूल तीन दिन के लिए बंद कर दी थी। इन हालातों में विभिन्न टीमों ने स्कूलों में जा-जाकर स्कूल बसों को चेक किया, जिनमें से कईयों को कंडम पाया, तो अनेक बसें इंपाउंड कर दी गई तथा धड़ाधड़ चालान काटे गए। जब हादसे की तीन-चार दिन बाद स्कूल खुले तो भी पुलिस सड़कों पर हरकत में नजर आई थी और स्कूल बसों को जमकर चेक किया गया था। उस समय भी बसों में कमियां मिलने पर उनके पुलिस द्वारा चालान किए गए थे। उसी रोज नारनौल के पंचायत भवन में डीसी मोनिका गुप्ता ने नारनौल व नांगल चौधरी सब डिवीजन के प्राइवेट स्कूल संचालकों की मीटिंग ली थी। इसके अगले रोज कनीना व महेंद्रगढ़ सब डिवीजन में इसी तरह की मीटिंग हुई, जिसमें उन्होंने दो दिन की मोहलत देते हुए सभी स्कूल बसों की फिटनेस सर्टीफिकेट लेने एवं सुरक्षित वाहन पॉलिसी के सभी 25 नियम फॉलो करने की कड़ी हिदायतें दी थी। उसके बाद से गत 16 अप्रैल से निरंतर आरटीए रोजाना अनाज मंडी नारनौल में विशेष कैंप लगाकर फिटनेस सर्टीफिकेट दे रहा है।

शुक्रवार को भी यह विशेष कैंप लगाया गया, जिसमें कुल 56 वाहन पासिंग के लिए पहुंचे। कैंप में आरटीए के ट्रेफिक सब इंस्पेक्टर सज्जन सिंह एवं रोडवेज के मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर कंवर सिंह टीम सहित पहुंचे। इस दौरान कमाल की घटना घटित हुई कि जो प्राइवेट स्कूल बसें पासिंग के लिए लाई गई, उनमें से कई बसें कंडम एवं धक्का स्टार्ट मिली। अनाज मंडी ग्राउंड में ही स्कूलों के ड्राइवर आपस में मिलकर बसों को धक्का मारकर स्टार्ट करने में लगे थे, लेकिन वह बसें एक-दो प्रयार्स में स्टार्ट होने का नाम नहीं ले रही थी। कैंप में पहुंचे कुल 56 वाहनों में से 15 बसें पुरानी और 20 बसें नई पास की गई, जबकि आठ बसें रिजेक्ट कर दी गई थी। शेष अन्य वाहन थे। इससे पहले 16 अप्रैल को 45 बसें पास की गई थी। 17 को पहुंचे कुल 92 वाहनों में से 61 बसों को फिटनेस सर्टीफिकेट दिया गया था। 18 अप्रैल को पहुंचे कुल 29 वाहनों में से सात स्कूल बसों को फिटनेस सर्टिफिकेट दिया गया। अब यह कैंप शनिवार एवं रविवार को छुट्टी के दिन भी जारी रहेगा।

टीएसआई सज्जन सिंह ने बताया कि फिटनेस के लिए विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं, जिन्हें जरूरत हो, वह गाड़ी लेकर कैंप में भाग ले सकता है। फिटनेस सर्टिफिकेट नियमों पर खरे उतरने पर ही जारी किए जाएंगे।

### स्कूल बस हादसा: डीईओ ने दिया डीसी के कारण बताओ नोटिस का जवाब

**कनीना।** सड़क हादसे मामले में छुट्टी के दिन स्कूल खुलने पर उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिला शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। जिसका जवाब जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने लिखित में वीरवार को उपायुक्त को भेज दिया है। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से दिए गए जवाब को सड़क हादसे की जांच कमेटी के पास भेज दिया है। इस बारे में उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया की डीईओ की तरफ से नोटिस का जवाब मिल गया है। अब इस पर आगे क्या कार्रवाई होगी, यह जांच कमेटी तय करेगी। बता दें कि घटना को एक सप्ताह से ज्यादा समय हो गया है, लेकिन अभी तक जिला शिक्षा अधिकारी पर कोई कार्रवाई नही हुई है, ऐसे में देखना होगा कि क्या कोई कार्रवाई होगी या फिर मामले में लीपापोती कर दी जाएगी।



### सुरक्षित वाहन पॉलिसी को हो पालन हाईकोर्ट में दायर की याचिका

स्कूल बस हादसे को लेकर अधिकारियों की नाकामी रही है। जिसके दृष्टिगत पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई है। याचिका में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी पर कार्य नहीं होना माना गया है। जिसे लेकर जिले में पुलिस के 12 अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

### न्याय मिलने तक बच्चों की आत्मा को नहीं मिलेगी शांति : नवीन जयहिंद

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव उन्हाणी के समीप वीरवार को जीएल पब्लिक स्कूल की बस हादसे में मारे गए छह मासूमों बच्चों की मौत पर नवीन जयहिंद ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ परिवार ही नहीं समाज के लिए भी चिंता का विषय है। जयहिंद ने इतनी बड़ी अनदेखी पर नराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अभिभावक पिछले कई महीनों से इस स्कूल बस चालक को लेकर शिकायत कर रहे थे, इसके बावजूद भी स्कूल चेयरमैन व प्रशासन ने सुध क्यों नहीं ली। राजनीतिक संरक्षण की वजह से अब तक स्कूल पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार व हाईकोर्ट इस पूरे मामले की जांच के लिए स्पेशल टीम का गठन करें। साथ ही स्कूल की प्रॉपर्टी की जांच की जाए और केस में अटैच भी की जाए। उन्होंने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, बच्चों की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी।

### एमडी की तलाश में जुटी 3 टीमें, चेयरमैन से दस्तावेज प्राप्त करने पर फोकस

**कनीना:** जीएल स्कूल बस हादसे के बाद फरार चल रहे स्कूल के एमडी सुभाष चंद को गिरफ्तार करने के लिए सीआईए की दो व सिटी थाना एक सहित तीन टीमें उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। डीएसपी महेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले सप्ताह उन्हाणी के समीप हुए स्कूल बस हादसे में झाड़ली व धनौंदा के छह विद्यार्थी अकाल मौत का ग्रास बने थे। हादसे में संलिप्त आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिनमें स्कूल की प्रिंसिपल दीप्ति राव, गणेशी लाल शिक्षा समिति के सचिव होशियार सिंह, चेयरमैन राजेंद्र सिंह लोढा, बस चालक धर्मेंद्र सेहलंग व उसके साथ बस में शराब पीने वाले हरीश, भूदेव, संदीप व नरेश कुमार शामिल हैं। पुलिस ने वीरवार को चेयरमैन राजेंद्र सिंह लोढा को एसडीजेएम कोर्ट में पेश कर आठ दिन का रिमांड मांगा था। जिस पर कोर्ट ने पांच दिन के रिमांड को स्वीकृति दी थी। डीएसपी ने बताया कि रिमांड अवधि के दौरान पुलिस आरोपित चेयरमैन से स्कूल के दस्तावेजों की जानकारी, चालक व बस के कागजात बरामद करने की दिशा में काम कर रही है। डीएसपी महेंद्र सिंह ने बताया कि राजेंद्र सिंह लोढा को हादसे के सप्ताहभर बाद बव्वा जिला रेवाड़ी से बुधवार सायं गिरफ्तार किया था। विद्यालय के एमडी सुभाष लोढा पुलिस पकड़ से बाहर है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं। पुलिस राजेंद्र लोढा को पनाह देने वाले व्यक्ति को भी काबू करने की जुगत में है। स्कूल प्रशासक डीटीपी महावीर प्रसाद ने बताया कि अभी तक कोई विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण नहीं पहुंचा है।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी कॉलोनी में सुंदरकांड पाठ आज

नारनौल। श्री घाटे वाले बालाजी सुंदरकांड मण्डल के तत्वावधान में शनिवार रात को कर्मचारी कॉलोनी में सुंदरकांड पाठ किया जााएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए राजीव वशिष्ठ ने बताया कि सुंदरकांड पाठ मनोज निर्मल व नवीन तिवाड़ी शास्त्री करवाएंगे। जिसमें मुख्य यजमान कैलाश चंद वशिष्ठ होंगे।

### सलूनी में बाबा भैया का मेला व भंडारा 22 को

**नारनौल।** गांव सलूनी में 22 अप्रैल को बाबा भैया का मेला व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रो. कबड्डी, वालीबॉल व कुश्ती स्पर्धाएं होंगी ।विनोद कुमार ने बताया कि मेले में जिला प्रमुख राकेश यादव, समिति सिहमा के चेयरमैन प्रतिनिधि राजकुमार यादव व सलूनी आश्रम के महाराज सेवानाथ भी पहुंचेंगे। कबड्डी व वालीबॉल में विजेता को 25-25 व उपविजेता टीमों को 15-15 हजार व मेले में 51 हजार से लेकर 11 हजार रुपये तक की कुश्तियां करवाई जाएगी।

### हनुमान जयंती पर बिजली कार्यालय में भंडारा 23 को

**कनीना।** हनुमान जयंती पर 23 अप्रैल को कनीना स्थित 132 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जेई रामरतन शर्मा ने बताया कि 22 अप्रैल रात्रि को जागरण होगा। 23 अप्रैल को सुबह हवन के बाद भंडारा लगाया जाएगा।

### चोरी का सामान खरीदने का एक आरोपित काबू

**नारनौल।** इंजन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपित आजाद उर्फ मुस्सा वासी ओथा थाना पिनगावा नूंह को गिरफ्तार किया है। आरोपित को न्यायलय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपित ने चोरी का इंजन खरीदा था।

## बिना शेड्यूल सुबह मंडी आए किसानों को मंडी में नहीं दिया गया प्रवेश, मौके पर पहुंचे एसडीएम

# नया रिकार्ड बनने के साथ मंडी में बिगड़ी व्यवस्था 2009 किसान लेकर पहुंचे 38609 क्विंटल सरसों

सरकारी समर्थन मूल्य पर अब तक बिक्री के लिए नहीं पहुंचा गेहूं का एक भी दाना, 2275 रुपये क्विंटल रखा है सरकारी रेट







नारनौल। प्रवेश नहीं मिलने पर सड़क पर खड़े सरसों से लदे वाहन व बिना शेड्यूल आने पर मंडी के बाहर ही रोक दिए गए ट्रैक्टर-ट्राली और रिकॉर्ड तोड़ आवक होने पर सरसों से भरी पड़ी मंडी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मंडी आने वाले किसानों ने गुरुवार को नया रिकार्ड बनाया है। मंडी में औसतन एक हजार किसानों की तुलना में गुरुवार को दोगुने किसान अनाज मंडी नारनौल पहुंचे तथा 2009 किसानों के गेटपास बनाए गए। यह किसान लगभग 38 हजार 609 क्विंटल सरसों लेकर मंडी पहुंचे थे। इससे मंडी में अव्यवस्था बनी रही और प्रशासनिक अधिकारी गांवों का शेड्यूल बनाने को मजबूर हो गए। अब मार्केट कमेटी शेड्यूल के अनुसार ही किसानों के मंडी आने पर उनके गेटपास बनाएगी। एकतरफ जहां मंडियों में रिकार्ड तोड़ मात्रा में सरसों की आवक हो रही है, वहीं मंडी में गेहूं की आवक नगण्य बनी हुई हैं। शहर की पुरानी अनाज मंडी में अब तक केवल दो दिन ही मात्र 34 क्विंटल गेहूं बिक्री के लिए पहुंचा है, जो व्यापारियों ने लगभग 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा है।

उल्लेखनीय है कि आजकल जिले की अनाज मंडियों में सरसों की आवक पीक पर है। किसान नई-पुरानी जैसी भी सरसों उनके पास मौजूद है, सारी मिक्स करके मंडियों में ला रहे हैं। इस कारण मंडियों में अव्यवस्था बनी हुई है और खरीद अधिकारियों को देर रात तक जागकर मंडियों में सरसों की खरीद करनी पड़ रही है। अकेले नारनौल मंडी में गुरुवार को 2009 किसानों के गेटपास बनाए गए। किसान सुबह आकर मंडी में गेटपास के लिए लाइनों में लगे थे और अंधेरा होने तक भी तक लाइनों में डटे रहे। मंडी में 26 मार्च से सरसों खरीद शुरू हुई थी। शुरूआत में हैफेड के पास 4412 किसान लगभग 86040 क्विंटल सरसों लेकर मंडी पहुंचे थे। हैफेड की खरीद 10 अप्रैल तक चली थी। बाद में 11 अप्रैल से हरियाणा स्टेट वेयर हाउस कारपोरेशन ने खरीद शुरू कर दी थी। एचएसडब्ल्यूसी के पास 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक 11632 किसान 1,39,435 क्विंटल सरसों लेकर पहुंचे हैं। अब तक नारनौल मंडी में कुल 225475 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है। गुरुवार को भारी मात्रा में सरसों आने से अनाज मंडी सरसों से भरी पड़ी है। हालांकि शुक्रवार से शेड्यूल लागू कर देने पर कुछ राहत जरूर मिली है।

### शेड्यूल से नियंत्रण में आई स्थिति

किसानों की रिकार्ड तोड़ संख्या को देखते हुए शेड्यूल लागू कर दिया गया है। शुक्रवार को अकबरपुर रामू, अब्दुला नगर, बड़गांव, बदोपुर व बुचकरपुर गांव ही शेड्यूल में शामिल थे। इस कारण इन गांवों से महज 121 किसान लगभग 2161 क्विंटल सरसों लेकर मंडी पहुंचे। जिनके गेटपास बनाकर सरसों की खरीद शुरू की गई।

### बिना शेड्यूल भी आ रहे किसान

मार्केट कमेटी ने मंडी में सरसों का शेड्यूल लागू कर दिया है, लेकिन गुरुवार को शेड्यूल जारी करने में देरी हुई, जिसका खामियाजा उन किसानों को भुगतना पड़ा, जो बिना शेड्यूल के अपनी सरसों लेकर पहुंच गए। प्रातःकाल को शेड्यूल से बाहर के गांवों से आए किसानों को मंडी में प्रवेश नहीं करने दिया गया तथा उन्हें बाहर ही रोक दिया गया। करीब 40-45 किसान ऐसे थे, जो शेड्यूल अनुसार की बजाए बाहरी गांवों से थे। इन किसानों ने कर्मचारियों के साथ काफी गर्मागर्म बहस भी की। सूचना मिलने एसडीएम जितेंद्र सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे।

उन्होंने कई किसानों को एंट्री दिला दी, लेकिन बाद में मंडी गेट पुनः बंद कर दिए गए तथा बाहरी किसानों को मंडी के बाहर ही रोक दिया गया। इस कारण कई किसान वाहनों में लदी सरसों लेकर सड़क पर ही खड़े हो गए, वहीं कई वापस भी लौट गए। किसानों में रोष था कि जब शेड्यूल देरी से जारी हुआ, इस कारण उन्हें इसकी जानकारी नहीं लगी और वह मेहनत-मजदूरी करके सरसों किराये के वाहनों में लेकर मंडी आ गए। ऐसे में अब उनकी सरसों भी खरीदनी चाहिए। उनमें नाराजगी स्पष्ट तौर पर बनी हुई थी।

### सरसों खरीद के लिए 24 अप्रैल तक का शेड्यूल जारी

मार्केट कमेटी के सचिव विजयसिंह ने सरसों खरीद के लिए गांवों का शेड्यूल जारी कर दिया है। अब 20 अप्रैल को फैजलीपुर, जादूपुर, कुतबापुर, मकसूसपुर, नांगल शालू, सुराना तथा तलोट की सरसों खरीदी जाएगी। 21 अप्रैल को रविवार होने के चलते गेटपास जारी नहीं होंगे। 22 अप्रैल को नांगतिहाड़ी, नसीबपुर, निवाजनगर, श्योरामनाथपुर व सिलारपुर मेहता की सरसों खरीदी जाएगी। 23 अप्रैल को गांव खत्तरीपुर, कोजिंदा, लहरोदा व आजमनगर की सरसों खरीदी जाएगी। इसी प्रकार 24 अप्रैल को बलाहा खुर्द, बड़कोदा, दौचाना तथा डोहर खुर्द के किसानों की सरसों खरीदी जाएगी। किसान अपना आधार कार्ड जरूर साथ लेकर आए।

### मंडी में नहीं पहुंच रहा गेहूं

अनाज मंडी में सरसों तो खूब आ रही है, लेकिन इस बार गेहूं नहीं पहुंच रहा। गेहूं का सरकारी समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल है और नई मंडी नांगल चौधरी रोड पर ही गेहूं की सरकारी खरीद होनी है, लेकिन वहां किसान गेहूं लेकर नहीं आ रहे। नारनौल में दो मंडियां हैं और अब तक किसान राजीव चौक वाली पुरानी मंडी में केवल 4 अप्रैल व 11 अप्रैल को मात्र 34 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है, जो व्यापारियों ने 2296-2300 रुपये के भाव खरीदे हैं। अन्यथा सरकारी बिक्री शून्य पर चल रही है।

### धीमे उठान से नए किसानों को नहीं मिल रही मंडी में अपनी फसल डालने की जगह

- शुक्रवार को 154 किसानों के कटे गेटपास, आज सलीमपुर, गोकलपुर व नीरपुर के किसानों की खरीदी जाएगी सरसों

**मंडी अटेली।** रबी सीजन 2023-24 के तहत अटेली अनाज मंडी में सरसों की खरीद जारी है। अब मंडी में गेहूं की भी खरीद हो रही है। मंडी में शुक्रवार को 154 गेट पास कटे। मंडी में अभी तक 1,74,887 क्विंटल सरसों की आवक हुई है। मंडी में पिछले साल 1,12,411 क्विंटल खरीद के मुकाबले अबकी बार अभी तक 174887 क्विंटल की खरीद हो चुकी है, जो पिछले साल से अधिक की खरीद हो चुकी है। मंडी में आज 20 अप्रैल को सलीमपुर, गोकलपुर व नीरपुर गांवों के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी।

मार्केट कमेटी सचिव ने बताया कि किसान गेट पास कटवाने के लिए अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लाएं। बिना रोस्टर के किसी भी किसान की सरसों खरीद नहीं की जाएगी। मार्केट कमेटी ने सरसों की सरकारी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल तथा 8 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम 25 क्विंटल की खरीद की जाएगी। सरसों की खरीद गांवों के रोस्टर के हिसाब से की जाएगी। कोई भी किसान बिना रोस्टर के अपनी फसल मंडी में न लाएं। अधिक गांवों के किसान आगमन से टोकन काटने में अव्यवस्था के चलते अब शेड्यूल बनाया गया है। सरसों का उठान नहीं होने से सब्जी मंडी की फड़ का भी सहारा लिया जा रहा है। मार्केट कमेटी की कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव सुनीता फोगाट व सहायक सचिव संजय कुमार अटेली मार्केट कमेटी के अंतर्गत 77 गांव लगते हैं। अटेली में 31484 रकबे में 10716 किसानों ने पंजीकरण करवाया हुआ है।

मंडी में पिछले एक सप्ताह से गेहूं की खरीद हो रही है1 22 किसानों के 4518 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है, जिसमें 2028 क्विंटल की खरीद हो चुकी है। मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक ने सत्येंद्र यादव ने बताया कि नैफेड के लिए 1 लाख 11 हजार 528 क्विंटल सरसों की खरीद हुई थी। मंडी में गेहूं की न्यूनतम समर्थन 2275 रुपये के मूल्य से खरीद जारी है। मंडी में उठान धीमी गति के चलते चारों तरफ सरसों की ढेरियों फैली हुई है। इससे नये किसानों को अपना अनाज रखने में खासी दिक्कत हो रही है। मार्केट कमेटी सचिव सुनीता फोगाट ने बताया कि मंडी नैफेड की खरीद का कोटा पूरा होने के बाद अब कर्मिशयल खरीद आढ़तियों के माध्यम से हो रही है।



मंडी अटेली। सरसों की ढेरियों से अटी हुई अनाज मंडी।

# राजस्थान में मतदान से सीमावर्ती गांवों के बाजार रहे सुनसान, बार्डर पर दिखी पुलिस की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों पर सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ, लेकिन बॉर्डर पर वीरवार शाम से ही सख्ती होने लगी थी। गोनेड़ा के पास हाईवे पर बेरीकेटस लगाए गए हैं तथा सभी छोटे वाहनों की चेकिंग करके सीमा में प्रवेश करवाया गया। साथ ही बॉर्डर के साथ लगते शराब के ठेकों को भी बंद करवाए गए।

नांगल चौधरी हलके के तीन ओर राजस्थान की सीमा लगती है। एक बॉर्डर से अलवर, दूसरे बॉर्डर से जयपुर ग्रामीण व तीसरे बॉर्डर से सीकर की सीमा टच है। जहां प्रथम चरण में शामिल किया है। जहां सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ। रायमलिकपुर के पास राजस्थान के गोनेड़ा चेकिंग प्वाइंट पर बीते एक महीने से पुलिस पीसीआर तैनात है, लेकिन वीरवार शाम से वाहनों की चेकिंग में सख्ती बरतनी आरंभ की है। पुलिस को आशंका है कि मतदाताओं को डराने के लिए बाहरी अपराधिक तत्वों की इस्तेमाल संभव है। इसलिए वाहन व लोगों की तलाशी के बाद ही उन्हें प्रवेश की अनुमित है। राजस्थान के प्रशासनिक अधिकारियों ने सीमा के अंदर तीन किलोमीटर तक शराब के ठेके बंद करवाए। जयपुर ग्रामीण लोकसभा के अंतर्गत केशवाना औद्योगिक क्षेत्र के सभी व्यवसायिक संस्थान बंद देखे गए, हालांकि दोपहर बाद कई उद्योगों में कर्मचारी काम करते देखे गए हैं। दूसरी ओर दलपतपुरा के पास भी राजस्थान पुलिस ने वाहनों को चेक करके ही एंट्री करवाई।



नांगल चौधरी। राजस्थान बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग करती पुलिस।


## निदेशालय का बीईओ व डीईओ को पत्र, जन्म प्रमाण की भी छूट

# एडमिशन: पीपीपी व आधार की अनिवार्यता खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रवेश उत्सव के तहत प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिले के लिए आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) की अनिवार्यता हटा दी है। इस संबंध में विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सरकारी स्कूलों में दाखिले के लिए आधार नंबर व पीपीपी की अनिवार्यता से बच्चों को राहत देते हुए प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर दिशानिर्देश दिए है। जिसमें निदेशालय ने प्रवेश उत्सव के तहत नामांकन में आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की अनिवार्यता को लेकर दिशा-निर्देश दिए हैं।

शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों प्रवेश उत्सव कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें राज्य को शून्य ड्रापआउट बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान निदेशालय को सूचना मिली थी कि अभी भी कुछ बच्चे (विशेषकर प्रवासी मजदूरों के बच्चे) ईंट भट्ठे पर कार्यरत लेबर या



कंस्ट्रक्शन साइट पर कार्यरत परिवारों के बच्चे आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र के अभाव में दाखिले से वंचित हो रहे है। जिस पर निदेशालय ने पत्र जारी कर ऐसे बच्चे जिनके आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र भी नहीं है, उनका दाखिला बिना किसी बाधा के किया जाए।

### शपथ पत्र देकर भी करवा सकेंगे दाखिला

निदेशालय ने पत्र में निर्देश दिए गए है कि दाखिले के इच्छा रखने वाले बच्चे को तुरंत दाखिला दिया जाए। स्कूल के दाखिला-खारिज रजिस्ट्रर में उसका नामांकन करके शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत दी जाने वाली निःशुल्क हकदारियां जैसे मुफ्त पाठ्य पुस्तकें, कार्य पुस्तकें आदि दी जाए। यदि आवेदक बच्चे के पास जन्म का प्रमाण पत्र नहीं है, तो आंगनबाड़ी अभिलेख, अस्पताल या नर्स या दाई के रजिस्टर का अभिलेख का प्रयोग किया जा सकता है। अगर यह भी उपलबध नहीं है, तो माता-पिता या संरक्षक की ओर से बच्चे की आयु का दिया गया शपथ पत्र भी मान्य होगा। किसी भी बच्चे को उसके शिक्षा के अधिकार से वंचित न किया जाए तथा आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र के अभाव में बच्चे को दाखिले से मना न किया जाए। पत्र के अनुसार विद्यार्थियों का डेटा एमआईएस पर अपलोड करने के लिए अलग से व्यवस्था की जाएगी।



बर्फीले तेंदुए अन्य शेरों व तेंदुओं की तरह गुर्रा नहीं सकते।



घोड़े 17 तरीके से अपना चेहरा हिला या बना सकते हैं जोकि मनुष्यों से सिर्फ 10 ही कम है।

# ग्राफिक डिजाइनर एक प्रचलित करियर ऑप्शन



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने की बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## कौन होता है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## जरुरी योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ग्राफिक डिजाइनर कैसे बनें

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निम्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेंशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं :

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

### इससे रोचक और शानदार काम कोई और नहीं

# खूबसूरत नजारों को कैद करने के शौकीन हैं तो फोटोग्राफी में बना सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

हर आज के समय में लोगों के लिए अपने सही करियर का चयन करना मुश्किल हो जाता है। व्यक्ति 12वीं कक्षा पास करने के बाद विचलित हो जाता है कि उसे कौन से रास्ते का चयन करते हुए किस लक्ष्य पर पहुंच रहा है। इसके बारे में जानकारी नहीं होती है फोटोग्राफी आज के समय का और भविष्य के लिए एक उभरता हुआ करियर ऑप्शन माना जाता है। तस्वीर के माध्यम से अपने खूबसूरत लम्हों को कैद करना बेहद रोचक होता है और ऐसे में हर व्यक्ति अपने खूबसूरत लम्हों को कैद करने के लिए फोटोग्राफी और फोटोग्राफर की मदद लेते हैं। ऐसे में आप फोटोग्राफर बन कर अपनी सेवा लोगों को दे सकते हैं और बेहतर पैसा कमा सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको फोटोग्राफर कैसे बने, इसके बारे में विस्तृत जानकारी देंगे।



## कौन होता है फोटोग्राफर

फोटोग्राफर एक काम है, जिसे प्रोफेशन के नाम से भी पहचानते हैं। ऐसा एक्स पार्ट 2 किसी भी विशेष अवसर पर तस्वीर खींचता है,उसे फोटोग्राफर कहते हैं। फोटोग्राफर एक प्रोफेशन के तौर पर बहुत ही ज्यादा लोकप्रिय क्षेत्र माना जाता है। जो उम्मीदवार शुरुआत से ही फोटो को पसंद करते हैं या फोटोग्राफी को पसंद करते हैं तो उन लोगों के लिए यह क्षेत्र जिसमें उम्मीदवार अपना करियर बना सकते हैं। फोटोग्राफी से संबंधित कोर्स करके और कैमरा उपकरणों के बारे में जानकारी हासिल करके व्यक्ति अपने करियर को समा सकता है। क्योंकि फोटोग्राफी के विकल्प दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। भविष्य के लिए भी फोटोग्राफर बनना एक बेहतरीन साबित हो सकता है।

**करियर स्कोप :** जब कोई भी व्यक्ति पढ़ाई करते हुए फोटोग्राफर की उपाधि हासिल कर लेता है। यानी कि डिप्लोमा और डिग्री पूरी करके फोटोग्राफर बन जाता है तो उसके पश्चात उम्मीदवार को कैरियर में जॉब के तौर पर कौन से क्षेत्र में नौकरी मिल जाती है। इसके बारे में सूची नीचे प्रदान कराई गई है।
*फिल्म प्रोडक्शन हाउस, एडवरटाइजिंग एजेंसीज, इंडस्ट्रीयल एंड मीडिया इंस्टीट्यूट, प्रोफेशनल फोटो स्टूडियो, एनजीओ, स्पोर्ट्स, टीवी एंड न्यूज चैनल, न्यूज पेपर एंड मैगजीन, फैशन शो एंड बुटिक्स, इवेंट आग्रेनाइजेशन।*

## सेवा के साथ-साथ बेहतर कमाई



## फोटोग्राफर बनने के लिए जरूरी योग्यता और स्किल

- *उम्मीदवार के पास फोटो खींचने का एक अद्भुत टैलेंट होना चाहिए उम्मीदवार की नजर एकदम सटीक होनी चाहिए कि किसी भी विशेष मूवमेंट को आसानी से वह कैप्चर कर सकें।*
- *उम्मीदवार के पास एक टेक्निकल स्किल होना भी बहुत ही ज्यादा जरूरी है। जिसके माध्यम से वह अपने कैमरा और फोटो इसको स्टूडियो को बेहतर तरीके से मैनेज कर सके उम्मीदवार के पास सॉफ्टवेयर प्रोग्राम की नॉलेज होना भी बहुत ही ज्यादा जरूरी है।*
- *उम्मीदवार को फोटोग्राफी कला मैं अपने लेवल को बढ़ाने के लिए काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि यहां पर अपने ग्राहक को खुश करना और यूनिक तरीके से फोटोग्राफर के तौर पर जिम्मेदारी निभाना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। आपके पास अनुभव की क्रिएटिविटी होना बहुत जरूरी है।*
- *कम्युनिकेशन स्किल्स हर बिजनेस और और कैरियर के क्षेत्र में बहुत जरूरी होती है। कम्युनिकेशन स्किल्स के माध्यम से ही आप अपने ग्राहक के साथ बेहतर तरीके से बात कर सकते हैं और हर प्रॉब्लम का सलूशन ढूंढ सकते हैं।*
- *फोटोग्राफर के लिए जरूरी डिप्लोमा करने के लिए आपके पास 12वीं कक्षा का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। 12वीं कक्षा सर्टिफिकेट नहीं है। तब भी आप प्रैक्टिस कर के फोटोग्राफर बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं।*
- *भारत के बाहर की यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने के लिए आपको एक एंट्रेंस एग्जाम में शामिल होना होता है और उसके पश्चात कि आपको वहां पर उस एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से चयनित किया जाता है।*
- *विश्व की अन्य यूनिवर्सिटी में शामिल होने के लिए भी आपको कार्य अनुभव आना जरूरी है।*

## सैलरी

फोटोग्राफर की कोई भी फिक्स सैलरी नहीं होती है। आपको अपने टैलेंट के आधार पर यहां पैसा कमाना होता है। फोटोग्राफर की अनुमानित सैलरी की बात करें,तो सालाना फोटोग्राफर 5,00,000 से 10,00,000 रुपये आराम से कमा सकता है और अपने टैलेंट और अनुभव के दम पर उम्मीदवार इससे अधिक पैसा भी कमा सकते हैं।



## इस प्रक्रिया का पालन करें

- फोटोग्राफर बनने के लिए सबसे पहले उम्मीदवार को 12वीं कक्षा पास करने के बाद फोटोग्राफी के लिए जरूरी डिप्लोमा लेना होगा।
- डिप्लोमा लेने के लिए विद्यार्थी को सबसे पहले कॉलेज में एडमिशन के लिए आवेदन करना है।
- कॉलेज से पहले उम्मीदवार को कई प्रकार के एंट्रेंस एग्जाम जैसे कि एसओपी, एलओआर, आइलेट, टोफेल, सैट इनमें से किसी भी एक एंट्रेंस एग्जाम में एग्जाम देना होगा और उसके पश्चात आपको कॉलेज मिलता है।
- कॉलेज मिलने के बाद उम्मीदवार को किसी डिप्लोमा का चयन करते हुए उस डिप्लोमा में अच्छे से पढ़ाई करके आपको डिप्लोमा का सर्टिफिकेट हासिल करना है।
- फोटोग्राफी के लिए डिप्लोमा 3 महीने से लेकर 12 महीने की अवधि तक उपलब्ध करवाए जाते हैं।
- इस अवधि के दौरान आप पढ़ाई करके डिप्लोमा की डिग्री हासिल कर सकते हैं।
- डिप्लोमा की डिग्री लेने के बाद आपको प्रैक्टिस पर मुख्य रुप से ध्यान देना होगा। क्योंकि प्रैक्टिस ही इंसान के अनुभव को बढ़ाती है। प्रैक्टिस के बिना आप अधूरे हैं।
- जब आप की प्रैक्टिस अच्छे तरीके की हो जाती है तो उसके पश्चात आप अपने टैलेंट को दुनिया के सामने ला सकते हैं और अब भविष्य में अपने करियर को सक्सेस करने के लिए आपको कई प्रकार के पोर्टफोलियो या फिर सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने टैलेंट और स्किल्स को दुनिया के सामने पेश करना होगा।
- आपके काम को देख कर अधिक से अधिक लोग आप से संपर्क कर सकें और आपकी पहचान बढ़ सके। फोटोग्राफी का काम पहचान पर ही निर्भर होता है।
- फोटोग्राफी के काम में पहचान ही आपको ज्यादा काम दिलाने में मदद करती है।

## डिप्लोमा या डिग्री जरूरी

ऐसे तो बस 15 दिन की ट्रेनिंग के बाद भी उम्मीदवार फोटो खींचने में माहिर हो सकता है। फोटो खींचना इतना मुश्किल काम नहीं है। लेकिन एक प्रोफेशनल फोटोग्राफर बनने के लिए आपके पास डिप्लोमा और डिग्री होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। प्रोफेशनल फोटोग्राफर बनने के लिए विश्व भर में बहुत सारे ऐसे कॉलेज मौजूद है। जो अलग-अलग प्रकार के डिप्लोमा उपलब्ध करवा रहे हैं। फोटोग्राफी के लिए लोकप्रिय डिप्लोमा कोर्स की जानकारी आप ऑनलाइन भी प्राप्त कर सकते हैं।

**भारत में टॉप कॉलेज :** ऐसे तो भारत में जनसंख्या के आधार पर बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है। लेकिन भारत के टॉप कॉलेज की बात की जाए तो फोटोग्राफी के लिए भारत के टॉप कॉलेज की सूची नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है।
दिल्ली कॉलेज ऑफ फ़ोटोग्राफ़ी (नई दिल्ली), द लाइट एंड लाइफ एकेडमी (ऊटी), कॉलेज ऑफ़ आर्ट यूनिवर्सिटी ऑफ़ दिल्ली (नई दिल्ली), मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर, जामिया मिलिया इस्लामिया (नई दिल्ली), एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन (नोएडा), आईआईपी अकादमी, दिल्ली, केएस अकादमी ऑफ़ फ़ोटोग्राफ़िक आर्ट्स, तमिलनाडु, विजुअल आर्ट्स फैकल्टी बीएचयू।

# जीवन में सफलता पाने के लिए शिक्षा के साथ–साथ कौशल भी जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

शिक्षा और कौशल, दोनों ही मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आधुनिक युग में, शिक्षा एक महत्वपूर्ण साधन है जो व्यक्ति को समझदार बनाता है, सामाजिक और आर्थिक विकास में मदद करता है, और समाज में साझा ज्ञान को बढ़ावा देता है। हालांकि, कौशल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कौशलों के बिना, शिक्षा की कोई महत्व नहीं होती। कौशल व्यक्ति को वास्तविक जीवन में समस्याओं का सामना करने की क्षमता प्रदान करते हैं, और उन्हें अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं। शिक्षा के बिना भी कौशल से सफलता प्राप्त की जा सकती है, लेकिन कौशल बिना शिक्षा की अधिक विश्वसनीयता होती है।

## हमारी शिक्षा प्रणाली थ्योरी आधारित

एक व्यक्ति जो कुशल हो, वह अपनी शिक्षा के स्तर से ऊपर उठ सकता है और अपने क्षेत्र में मान्यता प्राप्त कर सकता है। इसलिए, समाज को अपने शैक्षिक अनुभवों के साथ-साथ कौशलों को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। शिक्षा और कौशल, दोनों का संबंध होना चाहिए ताकि व्यक्ति अपने पूरे पोटेंशियल को प्राप्त कर सके और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सके। आज की तारीख में, शिक्षा का महत्व और आवश्यकता स्वभाविक रूप से स्वीकार किया जाता है, लेकिन यह उतना ही महत्वपूर्ण है कि छात्रों को अच्छी नौकरी मिलने में सहायक नहीं हो पा रहा है। इस समस्या का मुख्य कारण है कि हमारी शिक्षा प्रणाली अधिकतर थ्योरी पर आधारित है, जिससे छात्रों के पास अच्छे कौशल नहीं होते। वर्तमान में, बड़ी संख्या में छात्र शिक्षा के लिए अधिक प्राथमिकता देते हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कौशलों की भी जरूरत होती है। रोजगार के आधारित मॉडल में, छात्रों को सिर्फ शिक्षा प्राप्त करने की जरूरत नहीं होती, बल्कि उन्हें अपने कौशलों को भी विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कई बार, छात्रों को अच्छे शैक्षिक योग्यता होने के बावजूद अच्छी नौकरी नहीं मिलती, क्योंकि उनके पास उच्च कौशल नहीं होते। यह शिक्षा प्रणाली की एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जिसमें छात्रों को नौकरी के लिए तैयार नहीं किया जाता है, बल्कि सिर्फ उन्हें पाठ्यक्रम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को प्रैक्टिकल और कौशल अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। छात्रों को शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ कौशलों का भी ध्यान देना चाहिए, ताकि वे अपने क्षेत्र में अधिक प्रतिष्ठित बन सकें। इसके लिए, सरकार, शैक्षिक संस्थानों, और उद्यमियों के बीच सहयोग और समन्वय की जरूरत है। रोजगार के आधारित मॉडल में छात्रों को कौशलों का विकास करने के लिए शिक्षा प्रणाली को सुधारने की जरूरत है। यह न केवल उनके भविष्य के लिए बल्कि उनके देश के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। छात्रों को न केवल शिक्षा में बल्कि उनके कौशलों में भी समर्थ बनाने का माध्यम बनानछात्रों को न केवल शिक्षा में बल्कि उनके कौशलों में भी समर्थ बनाने का माध्यम बनाने के लिए, हमें शैक्षिक पाठ्यक्रम को प्रैक्टिकल और कौशलिक बनाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। यहाँ शिक्षा प्रणाली को अद्यतन करने के लिए विभिन्न उपाय हो सकते हैं, जैसे कि औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, कौशल विकास कक्षाएं, और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में विशेषाधिकार देना। साथ ही, छात्रों को अधिक व्यावसायिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर भी देना चाहिए, जैसे कि इंटर्नशिप और उद्यमिता के कार्यक्रम।

## नई शिक्षा नीति दे रही उद्यमिता को बढ़ावा

इसके अलावा, सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों को संबंधित उद्योगों के साथ सहयोग करने का अवसर देना चाहिए ताकि छात्रों को अधिक प्रैक्टिकल ज्ञान और कौशल प्राप्त हो सके। इस प्रकार, हम छात्रों को न केवल अच्छी शिक्षा प्रदान करेंगे, बल्कि उन्हें अपने कौशलों का विकास करने में भी सहायता प्रदान करेंगे, जिससे वे समृद्ध और सफल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने उद्यमिता को कैसे महत्वपूर्ण मानती है, इसे परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह नीति न केवल शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन और सुधार की दिशा में कदम बढ़ाती है, बल्कि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रस्तावों को समेटती है। उद्यमिता न केवल रोजगार सृजन का माध्यम है, बल्कि समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पहले तो, नीति ने विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रोग्राम और कोर्सों को शामिल किया है। इससे छात्रों को व्यावसायिक दक्षता और कौशल प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अपने विचारों को व्यावसायिक धाराओं में परिणत कर सकते हैं। दूसरे, राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने उद्यमिता को समर्थ बनाने के लिए कैरिक्युलम को भी अद्यतन किया है। नये कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों के माध्यम से, विद्यार्थी अपने अनुप्रयोगात्मक कौशलों को विकसित करते हैं, जो उन्हें अपने व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं। तीसरे, उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने संस्थानों को उद्यमिता और नई विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए उनको सहायक कार्यक्रम और अनुसंधान के लिए साधनों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया है। इससे संस्थानों को छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में नई और नवाचारी विचारों को विकसित करने का अवसर मिलता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप



नारनौल। हवन में आहुति डालते हुए।

### शुक्ल पक्ष एकादशी का 24वां हवन आयोजित

**नारनौल।** जिला जेल मंदिर में प्रत्येक महीने की शुक्ल पक्ष एकादशी को हवन किया जाता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को 24वां मासिक हवन आयोजित किया गया। इस अवसर पर जेल सुपरिटेंडेंट संजय बांगड़ ने बताया कि जनकल्याण की भावना को लेकर आज चैत्र माह शुक्ल पक्ष एकादशी को 24वें जनकल्याण हवन का आयोजन किया गया है। यह जनकल्याण हवन मानव जीवन में सुख-शांति, समृद्धि, धन-धान्य, कीर्ति व फसल धन, पशु धन व व्यापार में लाभ व सभी लोगों की निरोगता तथा भगवान के शुभ आशीर्वाद की प्राप्ति के लिए किया जाता है। हवन में यजमान महेश भारद्वाज थे। यज्ञ ब्रह्मा राजेंद्र शास्त्री थे। इस मौके पर कृष्ण, कर्मजीत, साहिल, सुरेश जेई, हेमंत, रेखा, ओमवती आदि मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। गोशाला में पूजा करते हुए।

### शनि देव भगवान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पूजा का शुभारंभ

**महेंद्रगढ़।** बाबा जयराम दास गोशाला खुडाना में श्री शनिदेव भगवान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय पूजा का आयोजन किया गया। 23 अप्रैल हनुमान जयंती को मूर्ति स्थापित की जाएंगी। प्रथम दिन कलश स्थापना करके आचार्य राहुल भारद्वाज गढ़ी के सानिध्य में पंडित घनश्याम शर्मा, सुनील शर्मा, सुरेंद्र शास्त्री, पंडित दलीप शर्मा पूजन किया। गया। पूजा में प्रवक्ता महेंद्र सिंह व गोशाला के मुंशी अक्षय शर्मा ने पूजा में अपनी-अपनी धर्मपत्नियों के साथ मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। यह सारे कार्यक्रम गोशाला प्रधान लीलू सिंह की अध्यक्षता में किया गया।



कनीना। अस्पताल कर्मचारियों को फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण देते विकास कुमार। फोटो : हरिभूमि

### फायर सेफ्टी विभाग के कर्मियों ने दिया प्रशिक्षण

**कनीना।** शुक्रवार को फायर सेफ्टी विभाग की ओर से उप नागरिक अस्पताल में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को आपातकाल के लिए प्रशिक्षित किया गया। महेंद्रगढ़ से आए फायर कर्मचारी विकास कुमार व प्रदीप कुमार की टीम ने आगजनी को नियंत्रित करने का प्रशिक्षण दिया। अस्पताल के स्टॉफ को आगजनी पर काबू पाने तथा दमकल वाहन से प्रेशर युक्त पानी चलाकर भी दिखाया। उन्होंने कहा कि अस्पताल भवन के प्रत्येक कमरे में फायर सिलेंडर लगे हुए हैं। उनकी समय-समय उनकी जांच की जानी चाहिए। इस मौके पर डा. सुंदरलाल, डा. जितेंद्र मोरवाल, डा. अंकित, डा. विनय, डा. नेहा, राजकुमारी, कमेलश इत्यादि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

---

#### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

# राष्ट्र निर्माण को आकार प्रदान करने के लिए मतदान अवश्य करें: संजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान में हरियाणा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहल्ला चौधरियान में छात्र-छात्राओं में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान का संदेश देते हुए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्कूल संचालक हितेंद्र शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को मेरा वोट मेरी पहचान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, मतदान मेरा अधिकार आदि के संदेश के माध्यम से प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर सर्वप्रथम ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने विद्यार्थियों को ईवीएम के संचालन, कार्यप्रणाली व प्रयोग के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की नींव है। भारत में प्रत्येक नागरिक को इसमें भाग लेने का न केवल अधिकार है बल्कि जिम्मेदारी भी है। अपने राष्ट्र के भविष्य को आकार प्रदान करने के लिए हमें मतदान करने के लिए जरूर जाना चाहिए। ट्रस्टी एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान भीमसेन शर्मा ने कहा कि मतदान नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने व निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने के अधिकार का प्रयोग करने की अनुमति देता है। विद्यालय प्रबंधक संगीता शर्मा ने कहा कि ऐसी सरकार स्थापित करने में मदद करता है, जो लोगों की इच्छा और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती है। इस मौके पर भीमसेन शर्मा, हितेंद्र शेखर भारद्वाज, संगीता शर्मा , अवनीश कुमार, संजय कुमार, नरेश सैनी, राहुल सोनी आदि मौजूद रहे।









नारनौल। नए मतदाताओं को प्रशिक्षण देते प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के सदस्य तथा ईवीएम पर वोट डालकर देखते भविष्य के मतदाता। फोटो : हरिभूमि

### चुनाव आयोग की वेबसाइट से प्रमाण-पत्र कर सकते हैं डाउनलोड

**नारनौल।** स्वीप जागरूकता कार्यक्रम के तहत कोई भी मतदाता महेंद्रगढ़ डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट व क्यूआर कोड के माध्यम से उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका गुप्ता की ओर से हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए स्वीप एक्टिविटी के नोडल अधिकारी एवं एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि मतदाता को शपथ प्रमाण-पत्र डाउनलोड करने के लिए जिला की वेबसाइट महेंद्रगढ़ डॉट जीओवी डॉट इन पर पॉप अप पर क्लिक करने के बाद गूगल फॉर्म लिंक ओपन हो जाएगा। इसके बाद इसमें सभी इनफॉरमेशन डालने के बाद सबमिट बटन को क्लिक करना है, उसके बाद ईमेल के ऊपर सर्टिफिकेट आ जाएगी। उन्होंने बताया कि गूगल फॉर्म लिंक को डीसी महेंद्रगढ़ के फेसबुक पेज और ट्विटर हैंडल पर भी शेयर किया गया है। वहां से भी मतदाता शपथ प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ क्यूआर कोड के माध्यम से भी स्कैन करके इस गूगल लिंक को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लिंक से आप मतदाता शपथ लेकर उसकी फोटो परिजनों के साथ या स्वयं की अपलोड करके और अपनी सामान्य जानकारी भरकर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

क्यूआर कोड।

#### डमी ईवीएम से बच्चों को सिखाया मतदान करना

इस दौरान प्रथम बार मतदान करने जा रहे विद्यार्थियों को डमी ईवीएम से न केवल वोट डालना सिखाया, बल्कि मतदान का पूरा सिस्टम भी समझाया। इसके अतिरिक्त बच्चों को अपने परिवार, आसपास के मतदाताओं को जागरूक करने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने तथा सहायता करने के लिए भी जागरूक किया।

#### नए वोट बनाने की प्रक्रिया भी बताई

कार्यक्रम में भविष्य के मतदाता बनने वाले विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि किस प्रकार युवा अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं, कौन सा फॉर्म भरना होगा, क्या-क्या दस्तावेज लगाने होंगे। इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध करवाई गई।



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ एडीसी दीपक बाबूलाल करवा। फोटो : हरिभूमि

## स्वीप कार्यक्रम: युवाओं को दिलाई मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि आगामी 25 मई को लोकतंत्र का पर्व है। इस दिन पूरे उत्साह के साथ अपने मत का प्रयोग करके इस पर्व का हिस्सा बनें। मतदान दिवस पर मत के अलावा कोई भी काम महत्वपूर्ण नहीं होता। सभी नागरिक मतदान करके जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। एडीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय के नजदीक स्थित सभागार में स्वीप एक्टिविटी के तहत आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि हिंदुस्तान की लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं आजादी के बाद से ही पूरी दुनिया में एक उदाहरण है। यहां 18 वर्ष की आयु के बाद हर नागरिक को वोट डालने का अधिकार है और प्रत्येक नागरिक की वोट की कीमत एक है। उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे आगामी 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा सकते हैं। इसके लिए चुनाव आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है। इस अवसर पर आमजन को जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों ने बेहतरीन नाटक की प्रस्तुति दी।

#### डीसी ने बांटे सर्टिफिकेट

जिला प्रशासन की ओर से स्वीप एक्टिविटी के तहत बनाई गई विभिन्न वीडियो क्लिप भी दिखाई गई। इस दौरान प्रोजेक्टर पर उपायुक्त मोनिका गुप्ता का संदेश भी सुनाया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त उपायुक्त ने युवाओं को ई सर्टिफिकेट भी वितरित किया। साथ ही एक साथ हजारों युवाओं को अपने मत का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। तहसीलदार निशा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश की नीति निर्धारण में हमारी भी साझेदारी है। अच्छा जनप्रतिनिधि चुनने के लिए अपने मत का प्रयोग करते हुए जिम्मेदारी निभाएं। इस मौके पर डीआईओ हरीश शर्मा, तहसीलदार चुनाव सुरेंद्र सिंह, प्रिंसिपल आईटीआई विनोद खनगवाल, उप प्राचार्य सुनील यादव, कानूनगो राजपाल सिंह के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

---

## राजकीय महाविद्यालय में एमए के विद्यार्थियों को जूनियर्स ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय के एमए के विद्यार्थियों ने एमए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को विदाई पार्टी दी, जिसमें मिस्टर फेयरवेल नवीन सांवरिया को तथा मिस फेयरवेल पारुल को चुना गया। प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीनारायण तथा विशिष्ट अतिथि अनीता सिवाच रही। अतिथियों ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हिंदी विभाग के सभी प्राध्यापक तथा विद्यार्थी मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने मनभावन प्रस्तुतियां दी तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से सभी का मन मोह लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की अल्युमिनी सेल से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया तथा भविष्य में उच्च पदों को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास होता है तथा उनकी मंच संबंधी झिझक दूर होती है। अनीता सिवाच ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में हम भी इस तरह की पार्टियां आयोजित करते थे। जिस प्रकार का जज्बा तथा आत्मविश्वास इन पार्टियों एवं छोटे मंच के कार्यक्रम से आता है वह आगे चलकर सामाजिक जीवन में हमारे लिए आधारभूत ढांचा साबित होता है। निश्चय ही इस प्रकार के कार्य कर्मों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। इस अवसर पर हिंदी विभाग के सभी प्रोफेसर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी डिग्री कॉलेज में चिरियो पार्टी का आयोजन

- ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यदुवंशी डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को चिरियो पार्टी का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि कॉलेज अध्यक्ष राव बहादुर सिंह ने सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा उत्साह के साथ अपनी प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने हरियाणवीं व पंजाबी डांस किया तथा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्र मुग्ध। इस दौरान विद्यार्थियों में खूब उत्साह देखने को मिला। इस कार्यक्रम में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता करवाकर मिस्टर व मिस चिरियो का चयन किया गया। कार्यक्रम में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने कॉलेज में बिताए क्षणों को याद किया। सभी विद्यार्थियों ने इस सत्र को बहुत पसंद किया। अंतिम वर्ष के विद्यसर्थियों में हुए रोमांचक मुकाबले में मिस. चिरियो तथा मिस्टर चिरियो चुने गए, जिसमें मिस्टर चिरियो अभिषेक पुत्र जयपाल बीए अंतिम वर्ष का छात्र बना। वहीं मिस. चिरियो कोमल एमएससी जूलॉजी अंतिम वर्ष की छात्रा बनी। कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को टैग लगाकर व गिफ्ट देकर सम्मानित किया। वहीं अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने भी अपने जूनियर्स व टीचर्स को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। उन्होंने बेहतरीन शिक्षक तथा मार्गदर्शन के लिए अपने अध्यापकों व संस्था का आभार व्यक्त किया। साथ ही सीनियर विद्यार्थियों ने कॉलेज स्टाफ को एक उपहार भेंट किया। इस अवसर पर अध्यक्ष राव बहादुर सिंह, वाइस चेयरमैन करण सिंह, चेयरपर्सन संगीता यादव, डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव व प्रिंसिपल बबरुभान सतिह समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपने विचार रखते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## कानून के क्षेत्र में कैरियर पर विस्तार व्याख्यान आयोजित

- नकारात्मकता को छोड़ने को किया प्रेरित

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय के शांति भवन में प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में कानून क्षेत्र में कैरियर के अवसर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मंच संचालक डॉ. पविता यादव ने स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण ने की। मुख्यवक्ता एडवोकेट रेखा यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बचना चाहिए तथा इसका सकारात्मक दिशा में प्रयोग करना चाहिए। जिस प्रकार से हर चीज के दो पहलू होते हैं अच्छा तथा बुरा। ऐसे ही सोशल मीडिया के भी दोनों पक्ष हैं। विद्यार्थी जीवन में बच्चे गुण और दोषों को न समझने के कारण नकारात्मक पहलुओं की तरफ अग्रसर हो जाते हैं। हमें उन नकारात्मक पहलुओं को छोड़कर सकारात्मक रुख की तरफ अपना ध्यान लगाना चाहिए। डॉ. परमीत ने बताया कि महाविद्यालय सत्र पर विद्यार्थियों में सुधार लाने के लिए ही हम इस तरह का आयोजन करवाते रहते हैं तथा स्वयं भी अपने विद्यार्थियों को प्रेरित करते रहते हैं। प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण ने आयोजकों आभार व्यक्त किया।

## आरपीएस कॉलेज में दो दिवसीय संगोष्ठी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस कॉलेज बलाना में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भौतिक विज्ञान के तत्वाधान में दो दिवसीय भौतिक विज्ञान आधारित शोध-पत्रों का साक्षात व ऑन लाइन प्रस्तुतिकरण वीरवार को सेमिनार हाल में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कॉलेज सीईओ इंजि. मनीष राव, चाइना के भौतिक विभाग सहायक प्रवक्ता डॉ. सुनील दत्त, इलेक्ट्रीकल इंजि. विश्वविद्यालय ऑफ ब्रिटेन के डॉ. दीपक कुमार, केंद्रीय शोधशाला चितकारा विश्वविद्यालय पंजाब के डॉ. सुरजीत चहल, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक फिजिक्स विभाग से डॉ. बबीता हुड्डा, विशिष्ट अतिथि कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र कादयान व डिग्री कॉलेज डीन डॉ. यशपाल शर्मा ने की। इसके अलावा विशेष अतिथि इंजि कॉलेज डीन प्रो. राजेंद्र यादव रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह दो दिवसीय भौतिक विज्ञान आधारित संगोष्ठी में देश-विदेश से 106 शोधार्थी ऑनलाइन व साक्षात रुप कॉलेज सेमिनार हाल में दूसरे दिन पहुंचे।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्र देखते अतिथि।

#### पर्यावरण संरक्षण पर डाला प्रकाश

संगोष्ठी का मुख्य विषय भौतिक विज्ञान के माध्यम से प्रदूषित वातावरण का शोधन करके वायुमंडल को शुद्ध बनाना तथा पृथ्वी संरक्षण पर बल दिया गया। कॉलेज में 106 शोधपत्रों की प्रस्तुति व वाचन हुआ। डॉ. जितेंद्र गंगवार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में ऑनलाइन वक्ता प्रो. अजीत कौशिक फ्लोरिडा पॉलटेक्निकल विश्वविद्यालय अपशिष्ट पद्धार्थों की जानकारी दी। डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव व रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव ने सभी शोधार्थियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के समापन पर शोधार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शोधार्थियों ने आरपीएस कॉलेज प्रबंधन समिति की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की तथा बताया आने वाले समय में आरपीएस कॉलेज एक मील का पत्थर साबित होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगा। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र, अर्चना साहू, ज्योति यादव, मंजीत कुमार, सचिन सुरा व प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को जल बचाने के लिए किया जागरूक

**कनीना।** खंड के गांव सीगड़ी में शुक्रवार को जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जल जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें ग्रामीणों को जल बचाने के लिए जागरूक किया गया। पानी स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से आयोजित इस अभियान में मोहित कुमार ने कहा कि स्वच्छ पेयजल ग्रामीणों को उपलब्ध करवाया जाता है। दूषित पानी का सेवन करने से बीमारियां पनपने का भय बना रहता है। उन्होंने ग्रामीणों को जीवाणु परीक्षण विधि भी समझाई। इस मौके पर संजय कुमार, पुष्पेंद्र, यशपाल आदि मौजूद रहे।

### पुलिस लाइन रेवाड़ी में कंडम सामान की नीलामी 23 को

**नारनौल।** पुलिस लाइन रेवाड़ी में 23 अप्रैल को कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक दक्षिण मंडल रेवाड़ी के कंडम सामान की नीलामी की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सुबह 11 बजे कार्यालय अधीक्षक व कमेटी की देखरेख में कंडम सामान की बोली लगाई जाएगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक पात्र समय पर पुलिस लाइन रेवाड़ी में पहुंचकर बोली में भाग लें। नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।

## हस्ती देवी जन कल्याणार्थ समिति का राधा कृष्ण पाठशाला में जागरूकता कार्यक्रम

- शिक्षा रूपी धन को न बांटा जा सकता और न ही इसे चोर चुरा सकता : डॉ . पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हस्ती देवी जनकल्याणार्थ सेवा समिति की ओर से चला जा रहे जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को शहर के लाला राधा-कृष्ण पाठशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति की अध्यक्षता एवं आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने विद्यालय के सभी बच्चों को निःशुल्क स्टेशनरी बांटी। उन्होंने घोषणा की है कि हस्ती देवी जनकल्याणार्थ सेवा समिति हर वर्ष आठवीं कक्षा के दो बच्चों की शिक्षा का खर्च वहन करेगी।

ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने उपस्थित विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्ति को लेकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि घर-परिवार में हर चीज को बांटा जा सकता है, परंतु शिक्षा रूपी ऐसा धन है जिसे ना तो बांटा जा सकता है और ना ही इसे कोई चोरी कर सकता है। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावनिया ने भी बच्चों को जीवन में शिक्षा का महत्व समझाते हुए उन्हें शिक्षा के प्राप्ति के लिए मन लगाकर मेहनत करने की प्रेरणा दी।

मुख्याध्यापक अमर सिंह व मैनेजर मांगेराम तिवारी ने बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटने के पुनित कार्य के लिए हस्ती देवी जन कल्याणार्थ सेवा समिति का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणा व सहयोग अवश्य ही बच्चों को प्रोत्साहित करने वाला है। इस मौके पर शिवरतन मैहता व राजेन्द्र पोपली ने भी समिति के कार्यों को सरानीय बताते हुए बच्चों को लक्ष्य पाने के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर शिक्षिका सरिता, वीना सहित अन्य अन्य लोग मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। जरुरतमंद विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

## प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय इग्नाइट का आयोजन किया गया। विभाग की आवृत्ति फिजिक्स एसोसिएशन के इस प्रयास के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से अपनी प्रतिभा का बेखूबी प्रदर्शन किया। दो दिवसीय इस आयोजन के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कुलपति ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को व्यावहारिक रूप से जानने-समझने में मददगार साबित होते हैं। अवश्य ही इस आयोजन के माध्यम से भी विद्यार्थी लाभान्वित हुए होंगे।



महेंद्रगढ़। समापन सत्र में उपस्थित कुलपति, समकुलपति, शिक्षक एवं विद्यार्थी।

#### विद्यार्थियों को मिलेगा मार्गदर्शन

वीसी ने कहा कि विभाग के विद्यार्थियों ने विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर विवि का नाम रोशन किया है। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि अवश्य ही यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के मस्तिष्क को नवाचार व अनुसंधान के लिए इग्नाइट करने का कार्य करेगा। इससे विद्यार्थियों की छुपी प्रतिभा को बाहर लाने का माध्यम होते हैं। यह आयोजन भी अपने लक्ष्यों की प्राप्ति कर विद्यार्थियों को बेहतर राह दिखाएगा। प्रो. यादव ने अपने संबोधन में भौतिकी विषय और उसके महत्त्व का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति के प्रति भी इस आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया। भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि इग्नाइट 2024 का यह दूसरा वर्ष है और यह एक ऐसा एकेडमिक फेस्ट है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक कार्यक्षमता का विकास किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन और इससे संबंधित प्रतियोगिताएं पूरी तरह से विद्यार्थियों के टेलेंट को निखारने का काम करती हैं। सह-आचार्य डॉ. अंकुश विज ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह से विभागीय शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया गया।

## खबर संक्षेप



नारनौल। श्री 1008 शांति नाथ दिगंबर जैन मंदिर। फोटो: हरिभूमि

### रविवार को मनाई जाएगी महावीर जंयती

**नारनौल।** जैन समाज रविवार को महावीर जन्म कल्याण महोत्सव धूमधाम से मनाएगा। यह जानकारी देते हुए पूर्व मिडिया प्रभारी गोपाल जैन ने बताया कि इस दौरान जैन मंदिर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें प्रातः पांच बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभात फेरी श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नलापुर से प्रारंभ होकर नलापुर, मोहल्ला फ्रांसखाना, आजाद चौक, पुल बाजार, भगवान महावीर मार्ग, सिलाई सेंटर, तालाब बहादुर सिंह होते हुए वापस मंदिर में पहुंचेगी। फिर शहर के तीनों मंदिरों में छह बजे अभिषेक व नियमित पूजा के बाद सुबह नौ बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### बाबा रूपादास का मेला छापड़ा सलीमपुर में आज

**मंडी अटेली।** बाबा रूपादास जी महाराज का मेला गांव छापड़ा सलीमपुर में 20 अप्रैल को भरेगा। मेले में बाबा का भंडारा, जागरण व खेल प्रतियोगिताएं होगी। जानकारी देते हुए मेला कमेटी प्रधान रामसिंह मेले में कबड्डी में प्रथम आने वाली टीम को 31 हजार व द्वितीय को 21 हजार, क्रिकेट में प्रथम को 7100 व द्वितीय को 5100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। मेले में 51 रुपये से लेकर 21 हजार रुपये तक की कुश्ती करवाई जाएगी। रात्रि को सरधाना एंड पार्टी द्वारा बाब की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इसके अलावा पूजा शर्मा व कशिश चौधरी अपनी प्रस्तुति देंगी।

### सिलारपुर मेहता में जागरण व भंडारा 22-23 को

**नारनौल।** उपमंडल के गांव सिलारपुर मेहता में 22-23 अप्रैल को शीतला माता का 21वां जागरण एवं भंडारा होगा। प्रधान अनिल सिरोहा एवं मनोज मेहता ने बताया कि 22 अप्रैल की रात्रि को शीतला माता एवं महाकाल का विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा, जिसमें हरीराम सैनी, भीम गुर्जर कनीना विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं। इस मौके पर जयवीर भाटी ग्रेटर नोएडा, मनोज चौधरी पलवल, पिंकी शर्मा धारूहेड़ा, रजनी शर्मा धनौंदा तथा नरेश नागर ग्रेटर नोएडा आदि गायकार भजन प्रस्तुत करेंगे।

# आवारा कुत्तों के आंतक से शहरवासी परेशान, दो दिन में 20 को काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर में आवारा कुत्तों का आतंक प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। शहर के मुख्य चौकों पर अक्सर आवारा कुत्तों के झुंड घूमते देखा जा सकता है। आलम यह है कि आवारा कुत्तों से डर कर लोग सुबह व देर रात को घरों से निकलने से भी कतराने लगे हैं। सिविल अस्पताल के आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो दो दिनों में आवारा कुत्तों ने 20 लोगों को काटकर घायल किया है। स्थिति यह है कि रात के समय शहर की कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर दो पहिया वाहनों का आवागमन मुश्किल हो जाता है। आवारा कुत्ते महिला, वृद्धों और बच्चों को निशाना बनाते हैं। खासकर गर्मी में कुत्ते आमजन के लिए अधिक हमलावर होते हैं।





महेंद्रगढ़। नागरिक अस्पताल का भवन। फोटो: हरिभूमि

**रात के समय यहां से गुजरना मुश्किल:** शहर के सिनेमा रोड, बालाजी चौक, मोहल्ला तिवाड़ियान, मोदाश्रम, मोहल्ला निमड़ी निचे, गोशाला रोड, मोहल्ला जवाहर नगर, मोहल्ला वाल्मीकि, मोहल्ला सैनीपुरा सहित अनेक जगहों पर कुत्तों का जमावड़ा रहता है। अनेक बार तो बाइक के पीछे पूरा झुंड पड़ जाता है, जिससे लोगों के हाथ-पैर फूल जाते हैं। इससे हादसे होना का खतरा बढ़ जाता है।

### तुरंत साफ करें जख्म

कुत्ते के काटने के तुरंत बाद जख्म को साफ पानी और साबुन से अच्छे से धो लेना चाहिए। कुत्तों के लार में रेबीज होते हैं, जो जानलेवा होते हैं। कुत्ते के काटने के बाद रेबीज का टीका लगवाना बहुत जरूरी है। आवारा कुत्तों से सावधानी बरतने की जरूरत है।

-बाबूलाल, एसएमओ, नागरिक अस्पताल, महेंद्रगढ़।

### रात के समय रहता है अधिक खतरा

*जब रात को दुकानों से घर के लिए निकलते हैं तो सिनेमा रोड पर कुत्तों का जमावड़ा रहता है। जैसे ही बाइक चालक वहां से गुजरते है तो कुत्ते बाइक चालकों के पीछे दौड़ते हैं। बाइक चालक घबराकर गिरकर चोटिल हो जाता है। इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शहर निवासी राजेश, अंकित, मोहनलाल, प्रदीप, अमित, मुकेश, अनिल, रमेश, बालकिशन, दिनेश, आशीष सुरेंद्र आदि ने बताया कि शहर में आवारा कुत्तों की संख्या काफी बढ़ गई है। आवारा कुत्तों के आतंक से लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। आए दिन इन कुत्तों द्वारा लोगों को काटा जा रहा है। बच्चे और बुजुर्ग तो घरों से बाहर निकल ही नहीं पा रहे हैं। आवारा कुत्तों से परेशान लोग कई बार प्रशासन से गुहार भी लगा चुके हैं लेकिन बावजूद इसके कोई हल नहीं हो पाया है। कुत्तों की संख्या इतनी अधिक है कि शहर के हर गली में आवारा कुत्तों का झुंड दिख जाता है। दोपहिया वाहन चालक इन आवारा कुत्तों के आतंक के कारण कई बार हादसों का शिकार भी हो जाते हैं। दोपहिया वाहन दिखते ही कुत्तों का झुंड वाहन चालक के पीछे भागने लग जाता है जिससे वाहन चालक का बैलेंस खराब हो जाता है। इसलिए प्रशासन को चाहिए कि वह जल्द से जल्द इसका हल करे ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने बताया कि कुत्तों द्वारा शहर के बच्चे व बुजुर्ग को काटकर घायल कर चुके हैं।*

## महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका त्रिधारा का किया विमोचन

# राजकीय पीजी कॉलेज में दीक्षांत समारोह और 67वां वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न

- विद्यार्थियों को मेहनत करने के लिए किया प्रेरित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को दीक्षांत समारोह व 67वां वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा के नेतृत्व में किया गया। इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव थे। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को हमेशा मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया और डिग्री प्राप्त करने वाले करीब 500 विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि स्टेज के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता हैं तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि हम इनोवेटिव पहुंच व एकाग्र मन तथा दृढ़ निश्चय से जो भी काम करेंगे, उसमें हमें जरूर कामयाबी मिलेंगी। इस अवसर पर स्नातकोत्तर व स्नातक की डिग्री प्रदान की गई। इसके बाद वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया। जिसमे मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय चरखी दादरी के प्राचार्य डा. पवन कुमार शर्मा थे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत से ही सफलता की कहानियां लिखी जाती है। जिंदगी में सफलता प्राप्त करने में कड़ी मेहनत जरूरी है। इस अवसर पर पीजी कॉलेज प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा ने महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी व वर्षभर में महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर डा. चंद्रमोहन ने बताया कि समारोह में कुलपति प्रो. डा. जेपी यादव व प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा ने महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका त्रिधारा का विमोचन किया। मंच संचालन डा. मीना व डा. पलक ने किया। उन्होंने बताया कि इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टॉफ सदस्यों ने विशेष भूमिका अदा की।



नारनौल। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि व प्राचार्या तथा समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थी व अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

### विजेताओं को किया सम्मानित

इस अवसर पर नौ रोल ऑफ ऑनर, 13 कॉलेज कलर, यूनिवर्सिटी पोजीशन मेरिट 27, मेरिट लिस्ट पीजी रिजल्ट में 83, यूजी में 95, जेआरएफ के नौ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनके अलावा अन्य गतिविधियों में 300 के करीब विद्यार्थियों को गणतंत्र झांकी, रेडक्रॉस, रेड रिबन, महिला प्रकोष्ठ, एनसीसी, एनएसएस, महिला प्रकोष्ठ, कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ, योग क्लब, नशा मुक्ति क्लब, रोड सेफ्टी, पर्यावरण क्लब सेफ्टी, वाईआरसी क्लब, रक्तदान कैंप में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार राशि व सार्टिफिकेट से नवाजा गया।



सतनाली मंडी। सीएचसी के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते सीएमओ रमेश चंद्र आर्य। फोटो: हरिभूमि

# बिना ड्रेस मिले स्टाफ को लगाई फटकार, चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

- सीएमओ ने किया सतनाली सीएचसी का औचक निरीक्षण

सीएमओ डा. रमेश चंद्र आर्य ने शुक्रवार को सतनाली सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर की जांच की और अस्पताल में प्रसुति विभाग, ओपीडी रूम व अन्य वार्डों की जांच की तथा अस्पताल में नियुक्त चिकित्सकों व अन्य स्टॉफ सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सक व स्टॉफ नर्सों को आपातकालीन दवाएं व उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रसुति विभाग का निरीक्षण कर उन्होंने बड़ा क्षेत्र होने के बावजूद अस्पताल में कम डिलिवरी पर नाराजगी जाहिर की और कर्मचारियों को लोगों को जागरूक करते हुए अस्पताल में अधिक से अधिक गर्भवती महिला की डिलिवरी करवाने के निर्देश दिए। अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट को तुरंत प्रभाव से दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने, चिकित्सक व अन्य पैरामेडिकल स्टाफ को फटकार लगाते हुए नियमित रूप से ड्रेस में आने के निर्देश आदेश दिए। चिकित्सकों के अलावा स्टॉफ नर्स, सिक्योरिटी गार्ड्स, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सफाई कर्मचारियों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्टॉफ सदस्य की ड्यूटी के प्रति लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मरीजों को समय पर तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना उनका मुख्य उद्देश्य है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में डूबी बुजुर्ग महिला

- नहर के आसपास बने मकान मालिकों ने महिला को डूबता देख पुलिस को दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव झगडौली नहर में एक बुजुर्ग महिला अज्ञात कारणों के चलते नहर में डूब गई। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नहर में सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक नहर में सर्च अभियान जारी था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव रसूलपुर निवासी करीब 75 वर्षीय चमेली देवी नहर के पास थी, लेकिन किसी कारणवश वह नहर में डूब गई। नहर के नजदीक बने मकान मालिकों द्वारा महिला के डूबने के देखने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना के बाद डीएसपी, सदर एसएचओ, डायल-112 व दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। गोताखोरों द्वारा नहर में महिला की तलाश की गई। ग्रामीणों की सहायता से बुजुर्ग महिला को नहर के अंदर ढूंढने की कोशिश की जा रही है। इसके बाद पुलिस ने महिला के परिजनों को इसकी सूचना दी गई। समाचार लिखे जाने तक नहर में महिला की तलाश जारी है।



महेंद्रगढ़। नहर में महिला को तलाशते गोताखोर। फोटो: हरिभूमि

# यूपीएससी में 119वीं रैंक पाने वाले दीपांशु गुप्ता ने उपायुक्त मोनिका गुप्ता से की मुलाकात

- दीपांशु गुप्ता ने इसरो की नौकरी छोड़ दो साल की सैल्फ स्टडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हाल ही में यूपीएससी के घोषित परिणाम में ऑल इंडिया में 119वीं रैंक प्राप्त करने वाले मोहल्ला चांदुवाड़ा निवासी दीपांशु गुप्ता पुत्र स्वर्गीय प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को उपायुक्त मोनिका गुप्ता से मुलाकात की। इस अवसर पर डीसी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपायुक्त ने दीपांशु गुप्ता के साथ काफी देर तक बातचीत की तथा कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में आना हर युवा का सपना होता है। यह देश की सबसे कठिन परीक्षा होती है। इस सफलता पर उन्होंने न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि जिला का भी नाम चमकाया है। डीसी ने उन्हें सम्मानित भी किया।



नारनौल। यूपीएससी में 119वीं रैंक पाने वाले दीपांशु गुप्ता को सम्मानित करती उपायुक्त मोनिका गुप्ता।

इस अवसर पर दीपांशु गुप्ता ने बताया कि उन्होंने सैल्फ स्टडी करके यह परीक्षा पास की है। उनका सपना था कि वे यूपीएससी पास करके देश की सेवा करें। आज उनका सपना पूरा हुआ है। उन्होंने बताया कि उन्होंने आईआईटी रुड़की से चार साल मैकेनिकल इंजीनियरिंग की है। इसके बाद 2018 से 20 तक इसरो में साइंटिस्ट के तौर पर नौकरी की थी। इसरो की नौकरी छोड़कर उन्होंने वर्ष 2020 से यूपीएससी परीक्षा पास करने के लिए लगातार तैयारी की। दीपांशु की मेहनत रंग लाई। उनकी माता उषा देवी राजकीय स्कूल गोद में लिपिक के पद पर कार्यरत है। उनके पूरे परिवार ने इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए उन्हें लगातार प्रोत्साहित किया है। इस मौके पर दीपांशु गुप्ता के चाचा पब्लिक हेल्थ के सीनियर लेखा अधिकारी मुकेश गुप्ता भी मौजूद रहे।

### पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पूर्ण प्रभा बनी जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी



**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा को हरियाणा उच्चतर शिक्षा आयुक्त ने जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया है। अब उनके दिशानिर्देशों में जिले के सभी महाविद्यालयों की सभी शैक्षणिक, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों को संचालित किया जाएगा। महाविद्यालय के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर डा. चंद्रमोहन ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा के नेतृत्व व प्रबंधन में महाविद्यालय हर विकास कर रहा है। डा. पूर्ण प्रभा को जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी बनने पर सभी स्टॉफ सदस्यों ने बधाई दी।

# चलते ट्रक में पीछे रखे सामान में लगी आग

**नारनौल।** नांगल चौधरी में रायमलिकपुर नाके के पास फ्लाईओवर पर शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे चलते ट्रक में पीछे रखे सामान में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। नाके पर तैनात पुलिस कर्मचारियों ने देखा और ट्रक को रूकवाकर ड्राइवर तथा उसके साथी को ट्रक से नीचे उतार लिया। आग ट्रक के पिछले हिस्से में ही लगी थी, जिसके कारण ट्रक में बैठे व्यक्तियों को इसका पता नहीं चला। रायमलिकपुर नाके पर तैनात पुलिस कर्मचारियों ने देखा कि ट्रक के पिछले हिस्से में आग लगी हुई है। जिस पर पुलिस कर्मचारियों ने ट्रक को रूकवाकर चालक व सहायक को नीचे उतार लिया और फायरब्रिगेड को फोन कर मौके पर आग बुझाने के लिए बुलाया। कुछ ही देर में ट्रक में रखे पूरे सामान को आग ने अपनी जद में ले लिया। जानकारी के अनुसार अहमदाबाद से पानीपत जा रहे बिजली व पानी की फिटिंग में काम आने वाले सामान से लदे ट्रक में अचानक से आग लग गई। इसके बाद ट्रक में रखा सामान धू-धूकर जलने लगा। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन वाहन घटनास्थल पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। वहीं दूसरी ओर दोपहर के बाद गांव निजामपुर में प्राइमरी स्कूल के पास आग लग गई। जिससे पशुओं का चारा व ईंधन, सूखी झाड़ियां जल गई। बताया जा रहा है कि शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लगी। थाना निजामपुर की पुलिस टीम व क्षेत्र में तैनात डायल 112 की टीम तुरंत प्रभाव से मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई तथा फायर ब्रिगेड को बुलाया। थाना प्रभारी ने ट्यूबवेल चलवाकर गांव वालों के साथ मिलकर आग को बुझाने को जुट गए। अग्निशमन वाहन के आने के बाद आग पर काबू पाया गया।

# लंबे अघोषित बिजली कट से सतनालीवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

- सिटी फीडर घोषित करने व बिजली कट बंद करने की मांग

सतनाली कस्बे में गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। कस्बे में दो दिन से लग रहे अघोषित लंबे कट से उपभोक्ता भारी परेशान हैं। कस्बे के राजू, मुकेश, बिजेंद्र, नवीन, महेंद्र, अनिज, जोगेंद्र, संजय, विनोद आदि अनेक उपभोक्ताओं ने बताया कि दो दिनों से तो लगातार अघोषित कट लगाए जा रहे हैं। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था भी चरमराई गई।

उन्होंने बताया कि गुरुवार को सायं के समय करीब चार घंटे से भी अधिक समय तक लगातार बिजली कट रहा और उसके बाद भी बार-बार बिजली कट लगे। शुक्रवार को भी दिनभर बार-बार अघोषित बिजली कटौती का सिलसिला जारी है। उपभोक्ताओं ने बताया कि बार-बार लंबे बिजली कट से लोगों के बिजली आधारित कार्य बाधित रहे और पेयजल के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं ने बताया कि सतनाली को जब से जगमग योजना में शामिल किया गया है आए दिन अघोषित बिजली कट की समस्या से जूझना पड़ता है। उन्होंने सतनाली को पुनः सीटी फीडर बनाने और अघोषित बिजली कट पर रोक लगाने मांग की है।

### जेएनवी करीरा में 23 को प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम

**नारनौल।** जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में 23 अप्रैल को प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम के तहत निबंध लेखन, कविता लेखन व कला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिले के विभिन्न स्कूलों के प्रेरणा उत्सव से पंजीकृत छात्र व छात्राएं भाग लेंगे। प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि इससे पहले प्रेरणा उत्सव का आयोजन संबंधित विद्यालय स्तर पर करवाया जाएगा। इसमें प्रत्येक विद्यालय से दो विद्यार्थियों एक छात्र व एक छात्रा का चयन किया जाएगा, जो जिला स्तर पर जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगें। जिसमें 15 छात्र व 15 छात्राओं का चयन लिखित प्रतियोगिता व साक्षात्कार के आधार होगा।

## कलेस्टर मुखियाओं को जल्द अवैध स्कूलों की रिपोर्ट सौंपने के निर्देश

# कुछ की रिपोर्ट का इंतजार तो कुछ ने छुपाई सच्चाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

कनीना स्कूल बस हादसे से सबक न लेते हुए सरकार द्वारा मांगी गई अवैध स्कूल की रिपोर्ट में अब कलस्टर मुखियां भी खेल कर रहे हैं। कुछ रिपोर्ट देने को तैयार नहीं है तो कुछ अपनी रिपोर्ट में सच्चाई को छुपाकर अवैध स्कूलों व स्कूल संचालकों की खामियों को छुपा रहे हैं। जिससे खफा आला अधिकारियों ने जल्द पूरी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। स्कूल के बस हादसे के बाद शिक्षा विभाग ने सख्ती बरतनी आरंभ कर दी है। बीते दिनों बीईओ को पत्र भेजकर ब्लॉक वाइज अवैध स्कूलों की सूची मांगी गई थी, ताकि ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। कलेस्टर मुखियों को पत्र भेजकर तत्परता से अवैध स्कूलों की सूची मांगी थी। सरकार ने शिक्षण संस्थानों की स्थापना के लिए नियम व मापदंड निर्धारित किए हैं। प्राइमरी, मिडिल, उच्च तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की मान्यता मिलना संभव है। मिडिल स्कूल के लिए मापदंड पूरे करना आसान है। कई स्कूल संचालकों ने मिडिल की मान्यता लेकर बड़ी कक्षाएं लगानी आरंभ कर दी। जिनमें मुलभूत सुविधाएं नहीं होने की वजह से बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा प्रभावित बनी हुई है। बीते कई सालों से कई स्कूल अवैध रूप से संचालित हैं, लेकिन विभागीय अधिकरियों ने निरीक्षण करना तक उचित नहीं समझा। अब कनीना ब्लॉक में स्कूल बस हादसा होने के बाद विभाग की नींद टुटी है। अधिकारियों ने आनन-फानन में सभी स्कूलों की बसों को चेक करने का अभियान चलाया है। बीईओ को पत्र भेजकर अवैध स्कूलों को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। बीईओ ने कलस्टर मुखियाओं को पत्र भेजकर बिना मान्यता के चल रही स्कूलों को सूचीबद्ध करके रिपोर्ट भेजने की हिदायत दी है। नांगल चौधरी के कलस्टर मुखिया ने शुक्रवार को रिपोर्ट जमा करवा दी, लेकिन उन्होंने बिना मान्यता चल रही स्कूलों की सूचना को छुपा लिया।



मान्यता से ऊपर की क्लास लगाने व बिना मान्यता वाले स्कूलों पर सख्ती की तैयारी

नारनौल। दैनिक हरिभूमि में 19 अप्रैल को प्रकाशित समाचार।

### कंप्लीट रिपोर्ट मिलते ही करेंगे स्कूलों पर कार्रवाई

खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव ने बताया कि तीन स्कूलों में छापेमारी की गई है। जिनकी अनियमिताओं की रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। कलेस्टर मुखियाओं ने बिना मान्यता के चल रही स्कूलों की सूची मांगी है, लेकिन अभी कई मुखियाओं ने कंप्लीट रिपोर्ट नहीं दी है। सूची मिलते ही संबंधित स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005